जब श्याम ने पकड़ी कलाई फ़िक्र फिर क्या करना

जब श्याम ने पकड़ी कलाई फ़िक्र फिर क्या करना,
तेरी होगी हर सुनवाई फ़िक्र फिर क्या करना,
जब श्याम ने पकड़ी कलाई फ़िक्र फिर क्या करना

तेरी नाव भवर में डोले तू गबराना नहीं,
तेरा माझी श्याम धनि है भूल तू जाना नहीं,
इनको पतवार थमाई फ़िक्र फिर क्या करना,
जब श्याम ने पकड़ी कलाई फ़िक्र फिर क्या करना

कोई काल कपाल भी तुझको छू नही पायेगा,
तेरे हर संकट से पहले श्याम आ जाएगा,
ये बन के चले परछाई फ़िक्र फिर क्या करना,
जब श्याम ने पकड़ी कलाई फ़िक्र फिर क्या करना

जिस प्रेमी ने दिल इनपे अपना हार दिया,
सोनू सुख सारा इस ने उसपे वार दियां,
मेरी प्रीत श्याम को बाई फ़िक्र फिर क्या करना,
जब श्याम ने पकड़ी कलाई फ़िक्र फिर क्या करना

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/16944/title/jab-shyam-ne-pakdi-kalhai-fikar-phir-kaya-karna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |